### Demand to promote Afforestation by establishing District Forest Area in each district

**डा. अशोक बाजपेयी** (उत्तर प्रदेश)ः महोदय, देश के अन्तर्गत पर्वतीय क्षेत्रों को छोड़ कर शेष भाग में वनों का आच्छादन मानक से काफी कम है, जिसके चलते पर्यावरण की गम्भीर समस्या उत्पन्न होती जा रही है। अब केवल नगरीय क्षेत्र ही नहीं, ग्रामीण क्षेत्र भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। जीवन के लिए उपयोगी जल और वायु, दोनों प्रदूषित हो रहे हैं, जो विभिन्न रोगों का कारण बनते जा रहे हैं। यहाँ तक कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने वाली ओज़ोन परत भी प्रभावित हो रही है। समय-समय पर विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा बड़ी संख्या में पौधारोपण के कार्य किए जाते हैं। मीडिया में जोर-शोर से संख्या घोषित की जाती है, लेकिन कितने पेड़ सुरक्षित बचे, इसकी चर्चा नहीं होती है। कतिपय अलग-अलग स्थानों पर वृक्षारोपण होने से न तो उन वृक्षों का रखरखाव हो पाता है, न ही जानवरों से उनकी सुरक्षा हो पाती है। प्रत्येक जनपद में अभी भी बड़ी संख्या में बंजर जमीनें पड़ी हैं, नदियों के किनारे का बड़ा भूभाग, जो कृषि कार्यों में उपयोग नहीं हो पाता, ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर वनीकरण किया जाए, तो वनों की सुरक्षा और देख-रेख भी हो सकती है। जिस तरह से औद्योगिक विकास के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' की परिकल्पना की गई है, उसी तरह से वन आच्छादन को बढ़ाने के लिए देश के प्रत्येक जनपद में पचास से सौ एकड़ तक की जिन सार्वजनिक जमीनों पर कृषि कार्य नहीं होता है, उनका वनीकरण करके, उनका 'जिला वन' के नाम से नामकरण किया जाए।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि प्रत्येक जिले में एक जिला वन स्थापित करके हरित आच्छादन की कमी को पूरा किया जाए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Amee Yajnik; not present. Shri Shaktisinh Gohil.

### Demand to fill up vacant posts in Paramilitary Forces

**श्री शक्तिसिंह गोहिल** (गुजरात)ः महोदय, Staff Selection Commission की वर्ष 2018 में आयोजित Constable (General Duty) की परीक्षा में ऐसे सफल उम्मीदवार, जिन्होंने computer based test, physical test एवं चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी, उनको आखिरी चयन से बाहर कर दिया गया है। जब भर्ती होनी थी, तब 60,210 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, लेकिन अभी तक सिर्फ 54,000 लोगों को ही नियुक्त किया गया है। संसद में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, अर्द्धसैनिक बलों में 1,11,000 पद रिक्त हैं। पूरे देश में अर्द्धसैनिक बलों में काम करने को उत्सुक ऐसे बहुत सारे युवा हैं, जिनमें पूरी योग्यता है, इसलिए उन रिक्त पदों पर उनको तुरंत नियुक्ति प्रदान की जाए।

अतः मेरी सरकार से माँग है कि वह रिक्त पदों पर सफल उम्मीदवारों को शीघ्र नियुक्त करे।